अपराध

अज्ञात की शिनाख्त बौरा अहिरवार के रुप में हुई, लोगों ने नदी में शव उतराता देखा था

बटियागढ़ की जूड़ी नदी में शव मिलने से सनसनी

नवभारत,बटियागढ़ 12 दिसंबर। थाना बटियागढ़ बस स्टैंड के पास से निकली जूड़ी नदी में एक व्यक्ति का शव तैरता दिखाई देने से सनसनी फैल गई. सुबह नदी पहुंचे लोगों ने नदी में शव तैरता देखा तो घटना की सूचना शुक्रवार सुबह 7 बजे बटियागढ़ थाना पुलिस को दी.

नदी में शव होने की सूचना पर नदी किनारे लोगो की भीड़ लग गई. मृतक की पहचान बौरा अहिरवार उम्र 50 साल निवासी सरिया वर्तमान में घनश्यामपुरा के रुप में की गई। बटियागढ़ थाना पुलिस के पहुंचने पर नदी से शव निकाला गया.

इससे पूर्व हुई हत्या का भी कोई सुराग नहीं लगा

पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया. चार दिन पहले बटियागढ़ थाना क्षेत्र के बेलखेड़ी गांव में एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया था. इसमें बटियागढ़ पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश की जा रही है, लेकिन अभी भी पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंच पाई और अब चार दिन बाद एक और शव मिला। बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में दो बड़ी घटनाएं सामने आई है, जिनका खुलासा होना बाकी है।

अलग-अलग घटनाओं में 3 की मौत

दमोह में जहरीला पदार्थ का सेवन करने से 70 वर्षीय प्रेम रानी पति हरिराम पटेल कुर्मी की मौत हो जाने पर देहात आने से प्रधान आरक्षक डेलन ने पहुंच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की. वहीं, सड़क दुर्घटना में उजरानी बाई पति भगत गौंड की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है.इधर अत्यधिक शराब पीने के कारण अशोक विश्वकर्मा की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है.

दो महिलाओं के साथ मारपीट

दमोह में दो महिलाओं के साथ ग्राम के ही एक व्यक्ति ने लोहे की सब्बलों से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. वृद्ध महिला रति बाई अहिरवार की हालत गंभीर तो दूसरी महिला संध्या अहिरवार को भी सिर में गंभीर चोटें आने पर जिला अस्पताल में इलाज जारी है. जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गुंजी गांव का मामला बताया गया।

भाजपा सरकार की कोई उपलब्धि नहीं : पटेल

मुख्यमंत्री ने दो साल के कार्यकाल में वादे नहीं किए पूरे

नवभारत,दमोह 12 दिसंबर। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व दमोह जिले के प्रभारी डॉ. संदीप सबलोक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि डॉ मोहन यादव के कार्यकाल में म.प्र. में किसानो की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है, किसानों को खाद, बीज, बिजली, पानी, जैसी बुनियादी सुविधाये व फसल का उचित दाम नहीं मिल रहे है।

सरकार की भावांतर योजना का लाभ अधिकांशत: व्यापारी वर्ग ही ले रहे है। भा.ज.पा. द्वारा चुनाव के समय किये गये सभी वायदे खोखले साबित हो रहे है, युवाओं को न तो रोजगार मिल पा रहा है और न ही विकास के लिये कोई बड़े प्रोजेक्ट यहां पर लगाये जा रहे है। जिससे कि रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। सड़को की हालत जर्जर है, शिक्षा व स्वस्थ्य से जुड़ी योजनायें भी जमीनी स्तर पर दम तोड़ रही है, जबकि विकास के नाम पर सरकार दो सालो में कई हजार करोड़ो रूपये का कर्ज ले चुकी है।

नशे का कारोबार फल-फूल रहा है

नशे का कारोबार व भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर फल फूल रहा है, अपराधों का ग्राफभी तेजी से बढ़ा है। इसके बाद भी भाजपा. की डबल इंजन की सरकार स्वयं का गुणगान करने में लगी हुई है, जिसकी जमीनी हकीकत अब जनता भी समझ रही है। चुनाव के समय जनता से जो वायदे किये गये थे उन्हें भाजपा सरकार शीघ्र ही पूरा करे अन्यथा कांग्रेस जनता के साथ मिलकर सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने की सीएम से मुलाकात

नवभारत,दमोह.भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने की सीएम हाउस में मुलाकात दमोह के विकास कार्य और संगठन के विषय को लेकर की चर्चा इस दौरान जिला मंत्री भरत यादव मौजूद रहे.

51 चालान, 20000 रुपये की वसूली

▶ पटेरा में सघन वाहन चेकिंग अभियान जारी

नवभारत,पटेरा 12 दिसंबर। जिले में पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में चल रहे सघन वाहन चेकिंग अभियान के तहत पटेरा थाना क्षेत्र में 7 से 10 दिसंबर तक विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया.

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने मुख्य मार्गों, चौराहों तथा संवेदनशील स्थानों पर लगातार वाहनों की जांच करते हुए नियम विरुद्ध पाए गए चालकों पर कड़ी कार्रवाई की. चार दिवसीय अभियान में पटेरा पुलिस ने कुल 51 चालान काटे तथा 20,000 का जुर्माना वसूल किया. पुलिस द्वारा बिना हेलमेट, तेज रफ्तार, दस्तावेजों के अभाव, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर विशेष ध्यान दिया गया.

यातायात नियमों के पालन हेतु किया गया जागरूक

अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक भी किया गया, ताकि दुर्घटनाओं में कमी आए और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिल सके. पुलिस टीम ने पूरे अभियान में अनुशासनात्मक और प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने का प्रयास किया. पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेज साथ रखें, गति सीमा का पालन करें और सुरक्षा के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें.

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

नवभारत,दमोह 12 दिसंबर। न्यायालय उदय सिंह मरावी, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज एक्ट) दमोह की अदालत ने आरोपी ओमकार काछी पटैल को आजीवन कारावास और 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

मामले में पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन धर्मेंद्र सिंह तारन के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सतीश कपस्या द्वारा की गई व सहायक विनय नामदेव व आरक्षक भूपेंद्र पांडे द्वारा आवश्यक सहयोग किया गया.प्रकरण की विवेचना तत्कालीन एसडीओपी विवेचक प्रवीण भूरिया, पूर्णानंद मिश्रा द्वारा की गई. आरोपी 28 फरवरी 2017 को रात करीब 8:30 बजे अभियोक्त्री को जान से मारने की नीयत से मिट्टी का तेल डालकर और आग लगाकर भाग गया. अभियोक्त्री इलाज हेतु सीएचसी पथरिया से जिला अस्पताल दमोह तथा जिला अस्पताल दमोह से जबलपुर रेफर कर दी गई थी, जो सहायक उपनिरीक्षक पूर्णानंद मिश्रा द्वारा टू-केयर अस्पताल जबलपुर में पहुंचकर नायब तहसीलदार रांझी द्वारा आहत अभियोक्त्री के मरणासन्न कथन लेख कराये गये. जांच के आधार पर सहायक उपनिरीक्षक पूर्णानंद मिश्रा द्वारा अभियुक्त ओमकार पटैल के विरूद्ध अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम पंजीबद्ध किया गया. न्यायालय में आए मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य व मृतिका के मृत्युकालीन कथन पर विश्वास करते हुए अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास से दंडित किया.

नि :शुल्क स्वास्थ्य सेवा का मिल रहा लाभ

यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,दमोह 12 दिसंबर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा दिए गए निर्देशो व प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में 12 दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला अस्पताल दमोह में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंकुर शर्मा व ऋचा त्रिपाठी, डॉ. सुरेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. उवेद खान व मरीजगण उपस्थित थे। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया कि यह दिवस हमें याद दिलाता है कि दुनिया का हर देश अपने नागरिकों को सस्ती व गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। जिसके पालन में शासन के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ आमजन को उपलब्ध कराया जाता है।

आयुष्मान कार्ड से होने वाले लाभ की जानकारी दी

डॉ. सुरेन्द्र विक्रम सिंह ने उपस्थित जन को शासन द्वारा संचालित 108 एंबुलेंस सेवा, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार नियोजन योजना इत्यादि के विषय में जानकारी देते हुए होने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इन योजनाओं के संबंध में आपसे यदि कोई अवैधानिक पैसे की मांग करता है तो कार्यालय में उसकी शिकायत भी कर सकते हैं।

एक नजर में

बीएलओ कर रहे एसआइआर कार्य की समीक्षा

नवभारत,दमोह। हिण्डोरिया में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एस आईआर के तहत नगर परिषद हिण्डोरिया के सभी मतदान केन्द्रो पर 08 व 09 दिसंबर को बीएलओ व बीएलए संयुक्त रूप से बैठकर अपने किए गए कार्य की समीक्षा का कार्य गंभीरता के साथ कर रहे हैं. इस सम्बन्ध में सहायक रजिस्ट्री करण अधिकारी व नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह ने बताया कि इस दौरान जो मतदाता छूट गए हैं व अनुपस्थित मतदाताओं सत्यापन का कार्य भी किया जा रहा है. इसके अलावा जिन मतदाताओं के नाम सूची में एक से अधिक बार दर्ज हैं उनके नाम का भी सुधार कार्य किया जाएगा, साथ ही मतदान केंद्र क्षेत्र से अलग शिफ्ट हुए सभी मतदाताओं की जानकारी को भी सुधारने का कार्य इस दौरान किया जाएगा.

तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज

नवभारत,दमोह। दमोह सांसद राहुल सिंह के नेतृत्व में आयोजित लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकेन्द्र पटेल लकी, अरुण तिवारी, सतीश तिवारी तथा गोपाल पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में दमोह लोकसभा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने दमदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता तीन दिन तक चलेगी।

डॉ. अंकिता ने पीजी नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की

नवभारत,दमोह। दमोह की डॉ. अंकिता तंतुवाय ने पीजी नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। अंकिता के लिये पीडियाटिक्स विभाग सुभाष चंद बोस मेडिकल कालेज जबलपुर में प्रवेश मिला है। इनकी छोटी बहिन डॉ. आभा पूर्व से एमडीएस में अध्ययनरत है। इन बेटियों के पिता रामगोपाल तंतुवाय पीजी कालेज दमोह एवं माता सुनीता तंतुवाय शिक्षक है। इस उपलब्धि पर तंतुवाय समाज दमोह एवं हटा के साथ पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आलोक जैन, डॉ. एन.आर.सुमन, डॉ मीरा माधुरी महंत, डॉ. ऋषिभा दीक्षित, डॉ. केके कोर, प्रहलाद सिंह ठाकुर आदि ने बधाई दी।

वंचित बस्तियों में सृजन अभियान प्रारंभ

नवभारत,दमोह। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर दमोह जिले के थाना कोतवाली व दमोह देहात अंतर्गत वंचित बस्तियों के बच्चों के साथ सृजन अभियान प्रारंभ.पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया दमोह के नोडल पर्यवेक्षण में 15 दिवसीय अभियान प्रारंभ किया गया.इस अवसर पर सूबेदार आकांक्षा जोशी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

मजूदर की करंट लगने से मौत

नवभारत,दमोह 11 दिसंबर। जिले के विधानसभा क्षेत्र जबेरा के महुआखेड़ा पंचायत में नहर निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय निवासी बहादुर सिंह आदिवासी की 3 दिसंबर को करंट लगने से मृत्यु हो गई। कार्यपालन यंत्री रवि दीप बैन ने बताया विभाग द्वारा मृत मजदूर के परिवार को इस कठिन परिस्थिति में आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता राशि स्वीकृत किए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री, तकनीकी शिक्षा व आयुष मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार को पत्र लिखते हुए मृतक के परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

महिलाओं के लिए विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,दमोह 12 दिसंबर। जन शिक्षण संस्थान,दमोह द्वारा 12 दिसंबर को महिला लाभार्थियों के लिए विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों की महिलाओं को कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता और स्वरोजगार के अवसरों से सशक्त बनाना था.

जिले के विभिन्न ग्रामों से आई महिलाओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने महिलाओं को उद्यमिता विकास, घरेलू उद्योगों के अवसर, वित्तीय साक्षरता, ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग, तथा व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षकों ने बताया कि महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, इसलिए उनका कौशल विकास समय की आवश्यकता है.

छोटे-छोटे व्यवसाय प्रारंभ करने के सुझाव दिए

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि महिलाएं स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर छोटे-छोटे व्यवसाय कैसे शुरू कर सकती हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आजीविका को मजबूत बना सकती हैं.प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें आत्मविश्वास और नई दिशा मिली है.जन शिक्षण संस्थान, दमोह के निदेशक गिरीश तिवारी ने कहा कि संस्थान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा.

नेशनल लोक अदालत आज

नवभारत,दमोह 12 दिसंबर। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुभाष सोलंकी के कुशल मार्गदर्शन में 13 दिसंबर को जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल,चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति व राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बीएसएनएल, विद्युत एवं नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा।

निर्वाचन आयोग के सचिव से ब्रांड एम्बेसेडर सारिका ने की मुलाकात

नवभारत,दमोह 11 दिसंबर। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपरलेस इलेक्शन की नई पहल के अंतर्गत 29 दिसंबर को होने जा रहे पंचायत उपचुनाव में एक नया इतिहास बनाने जा रहा है जिसमें दमोह जिले के 77 मतदान केंद्रों पर पेपरलेस इलेक्शन कराया जाएगा। मतदाताओं को इस नवीन प्रणाली के प्रति जागरूक करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ब्रांड एंबेसेडर सारिका घारू ने आयोग के सचिव दीपक सिंह से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोग के उपसचिव डॉ. सुतेश कुमार शाक्य, प्रियांशी भंवर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आयोग के सचिव दीपक सिंह ने बताया दमोह जिले में 22 पंच, 2 सरपंच तथा एक जिला पंचायत सदस्य के उपचुनाव होने जा रहे हैं। इस अवसर पर दीपक सिंह ने पेपरलेस पद्धति से होने वाले निर्वाचन के नवाचार को आम लोगों तक पहुंचाने के लिये मार्गदर्शन दिया।

रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाए : प्रमोद

▶ मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने विधायक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

नवभारत,दमोह 12 दिसंबर। मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह द्वारा प्रांतीय आवाहन पर 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन जयंत कुमार मलैया विधायक द्वारा मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव मप्र शासन भोपाल को प्रेषित किया गया।

जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार ने बताया कि मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के कर्मचारियों से संबधित 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौपा गया। इसमें नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाए। भ्रत्य नाम परिवर्तन कर कार्यालय सहायक नाम किया जाएं। लघु वेतन कर्मचारी संघ को पदोन्नति का लाभ मिलना चाहिए। कर्मचारियों को वर्दी दी जाएं।

अस्थाई कर्मियों को नियमित किया जाए

45000 अस्थाई कर्मी कर्मचारियों को नियमित सेवा के कर्मचारियों की तरह सभी प्रकार की सुविधा दी जाएं। आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों को 300 दिन का अवकाश नगदी कारण का लाभ दिया जाएं। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई कर्मी का लाभ दिया जाएं। समस्त विभागों में लगे अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर या स्थाई कर्मी का दर्जा घोषित किया जाएं।

प्रसव

पति बोले- अब करा लेंगे ऑपरेशन, दंपत्ति मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं, मेडिकल टीम थीं चिंतित

महिला ने दिया दसवें बच्चे को जन्म, बड़े बेटे की उम्र 17 साल

नवभारत,हटा 11 दिसंबर। जिले के हटा ब्लॉक के रनेह गांव में रहने वाली 38 वर्षीय कुसुम आदिवासी ने शुक्रवार को अपने 10वें बच्चे को जन्म दिया. कुसुम के सबसे बड़े बेटे की उम्र 17 साल है.लगातार 10वीं संतान होने के बाद अब पति नंदराम आदिवासी ने परिवार नियोजन के लिए नसबंदी ऑपरेशन कराने की बात कही है. दंपत्ति मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती है.

कुसुम का दसवां गर्भ जोखिमभरा था. खून की कमी और पहले के सभी 9 प्रसव घर पर होने की वजह से मेडिकल टीम लगातार चिंतित थी. ग्रामीण परंपराओं के कारण महिला को अस्पताल लाना आसान नहीं था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने लगातार मॉनिटरिंग जारी रखी.

अस्पताल में हुआ सुरक्षित प्रसव

शुक्रवार को प्रसव पीड़ा बढ़ने पर कुसुम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रनेह लाया गया, जहां उसने 3.5 किलोग्राम वजनी स्वस्थ बेटे को जन्म दिया. नर्स देवकी कुर्मी ने बताया कि महिला हाई रिस्क जोन में थी, लेकिन प्रसव सामान्य रूप से सफल हुआ. मां और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। कुसुम ने स्वास्थ्य कर्मियों का आभार जताते हुए कहा, अगर आशा दीदियां मुझे बार-बार समझाने नहीं आतीं, तो शायद फिर घर पर ही प्रसव करती, जिससे खतरा बढ़ सकता था.

परिवार में तीन बेटे और सात बेटियां हो गई

कुसुम और नंदराम को मिलाकर तीन बेटे और सात बेटियां कुल दस संतानें हैं. जब पति से पूछा गया कि पहले परिवार नियोजन का कदम क्यों नहीं उठाया, तो उन्होंने कहा संतानें होती गईं, लेकिन अब ऑपरेशन करा लेंगे.